# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनांक 03.02.2025

**1. थाना सेक्टर-58 पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में लगभग 16 साल से वांछित 25,000 रूपये का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।**

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **03.02.2025** को **थाना सेक्टर-58** नोएडा पुलिस द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व मैनुअल इंटेलिजेंस की सहायता से मु0अ0सं0 692/09 धारा 302 आईपीसी थाना सेक्टर-58 में वांछित 25000 रूपये का इनामी अभियुक्त संजय पुत्र रामसेवक को सेक्टर-62 गोल चक्कर से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त वर्ष 2009 से हत्या के अभियोग में वांछित चल रहा था।

**घटना का विवरण--** दिनांक 10/07/2009 को वादी(बच्चे के पिता) द्वारा अपने पुत्र उम्र करीब 2 वर्ष की हत्या होने की घटना के संबंध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था जिसमें वादी द्वारा आरोप लगाया गया था कि उसके पुत्र अमित विश्वास उम्र 02 वर्ष को बिजली का करंट लगाने के बाद जमीन पर पटक कर उसकी हत्या कर दी गयी है। उपरोक्त अभियोग में अभियुक्त संजय लगातार फरार चल रहा था तथा यह नेपाल भाग गया था काफी समय से पुलिस इसे तलाश कर रही थी।

**पूछताछ का विवरण--** अभियुक्त द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि वह मामूरा में टीवी मैकेनिक का कार्य करता था उसका वादी के घर आना-जाना था, जिसका वादी विरोध करता था। एक दिन जब वादी किसी काम से घर के बाहर गया था, उसकी अनुपस्थिति में अभियुक्त वादी के घर पर गया और उसने वादी के पुत्र उम्र 02 वर्ष की जमीन पर पटक कर हत्या कर दी। हत्या करने से पहले उसने लड़के को करंट भी लगाया तथा हत्या करने के बाद वहां से फरार हो गया और भाग कर नेपाल चला गया। वह काफी दिनों तक छुपकर नेपाल में रह रहा था।

**अभियुक्त का विवरण--**

संजय पुत्र रामसेवक निवासी बोकारो खुद, थाना पताही, जिला पूर्वी चंपारण बिहार।

अभियोग का विवरणः

मु0अ0सं0 692/09 धारा 302 आईपीसी थाना सेक्टर-58, नोएडा।

## 2. थाना फेस-3 पुलिस और शातिर बदमाशो के बीच मुठभेड़ के संबंध में-

दिनांक **03.02.2025** को **थाना फेस-3** पुलिस द्वारा गढ़ी गोल चक्कर पर चेकिंग के दौरान एक बलेनो कार बिना नम्बर प्लेट को रूकने का इशारा किया गया जिसपर कार सवार व्यक्ति नही रूके और तेजी से भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा करते हुए कार को रोकने का प्रयास किया गया तो कार सवार व्यक्ति स्वयं को घिरता देखकर पर्थला की तरफ सर्विस रोड पर बनी ग्रीन बेल्ट की तरफ भागने लगे और सामने से भी पुलिस टीम को आता देखकर उनके द्वारा कार से उतरकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। गिरफ्तार/घायल व्यक्ति की पहचान आजाद उर्फ अनुम बैंसला पुत्र सुभाष निवासी मामूरा, सेक्टर-66, गौतमबुद्धनगर के रूप में हुयी है। दूसरे अभियुक्त हितेश उर्फ मोनू पुत्र रमेश चौहान निवासी मामूरा, सेक्टर-66 नोएडा को कांबिंग के दौरान **गिरफ्तार** कर लिया गया। अभियुक्तों के कब्जे से दो अवैध तंमचे मय मय 02 जिन्दा कारतूस व 02 खोखा कारतूस तथा एक कार बिना नम्बर प्लेट घटना मे प्रयुक्त बरामद हुयी है। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। अभियुक्तों के अपराधिक इतिहास व अन्य जानकारी की जा रही है।

### अभियुक्तों का विवरण--

1. आजाद उर्फ अनुम बैंसला पुत्र सुभाष निवासी मामूरा, सेक्टर-66, गौतमबुदद्धनगर उम्र 19 वर्ष।(घायल)
2. हितेश उर्फ मोनू पुत्र रमेश चौहान निवासी मामूरा, सेक्टर-66, गौतमबुदद्धनगर उम्र 26 वर्ष।

### बरामदगी का विवरण--

1. बलेनो कार बिना नम्बर प्लेट
2. दो अवैध तमंचा .315 बोर मय दो जिन्दा कारतूस व दो खोखा कारतूस

### अपराधिक इतिहास का विवरण--

➢ **अभियुक्त आजाद**

1. मु0अ0सं0 0412/2023 धारा 1/2/25/9 आयुध अधिनियम व 60/63 आबकारी अधिनियम थाना फेस-3, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 387/2023 धारा 285/427 भादवि थाना फेस-3, गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0 41/2025 धारा 109/191(3)/3 बीएनएस थाना फेस-3, गौतमबुद्धनगर।

➢ अभियुक्त हितेश

1. मु0अ0सं0 41/2025 धारा 109/191(3)/3 बीएनएस थाना फेस-3, गौतमबुद्धनगर।

## 3. थाना बिसरख पुलिस द्वारा मोटर साइकिल चोर गिरोह के 02 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 6 मोटर साइकिल बरामद।

**कार्यवाही का विवरण--** दिनांक **03.02.2025** को **थाना बिसरख पुलिस** द्वारा लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये दुपहिया वाहन चोर अभियुक्तों 1. शिवान पुत्र मंजेश 2. कृष्णा पुत्र परविंदर को थाना क्षेत्र स्थित डबल पुलिया के पास से **गिरफ्तार** किया गया है। कब्जे से चोरी की 02 मोटर साइकिल व एक-एक अवैध चाकू बरामद किया गया है। अभियुक्तों की निशादेही पर चोरी की 4 अन्य मोटर साइकिल बरामद की गई है।

अभियुक्तों से बरामद मोटर साइकिल होंडा लिवो जो गौर सिटी 7 एवेन्यू सोसाइटी के पास से चोरी की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना बिसरख पर मु0अ0सं0 59/2025 धारा 303(2),317(2) बीएनएस पंजीकृत है।

### अभियुक्तों का विवरण--

1. शिवान पुत्र मंजेश निवासी ग्राम ककेड़ी चौराहा थाना शहर कोतवाली जिला हरदोई हाल पता लखिया का किराये का मकान देवला थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर उम्र 19 वर्ष।
2. कृष्णा पुत्र परविंदर निवासी ग्राम नंदगाव थाना कोतवाली एटा जिला एटा हाल पता जगपाल भाटी की कलोनी देवला थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर उम्र 19 वर्ष।

### बरामदगी का विवरण--

1. **दो अवैध चाकू**,
2. **चोरी की 06 मोटर साइकिल क्रमशः** –
   A. मोटरसाइकिल होण्डा लिवो रजि0न0 UP65DB3711 सम्बन्धित मु0अ0सं0 59/2025 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर।
   B. मोटरसाइकिल स्पलेन्डर+ रजि0न0 UP16DE3628,चेसिस नंबर MBLHAW111NHD56110 व इंजन नंबर HA11EVNHC83505 सम्बन्धित मु0अ0सं0 212/2022 धारा 379 भादवि थाना सेक्टर-58 गौतमबुद्धनगर
   C. चोरी की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस रजि0न0 DL4SDK8894 चेसिस नंबर MBLHAW127MHL03531 व इंजन नंबर HA11EYMHL01028
   D. चोरी की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस रंग काला नीला रजि0न0 UP16DF6536 चेसिस नंबर MBLHAW179NHF06033 व इंजन नंबर HA11EANHF43173
   E. चोरी की मोटरसाइकिल पल्सर 125 रंग काला रजि0न0-UP75AN5370 , चेसिस नंबर MD2B68BX8NRB07393 व इंजन नंबर DHXRNB86523

F. चोरी की मोटरसाइकिल पल्सर 150 रंग काला लाल रजि0न0 UP16CH5763 ,चेसिस नंबर MD2A11CY3KRD01964 व इंजन नंबर DHYRKD88381

## पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरण--

- **अभियुक्त शिवान**

1. मु0अ0सं0 212/2022 धारा 379 भादवि थाना सेक्टर-58 गौतमबुद्धनगर।
2. मुअ0सं0 59/2025 धारा 303(2) ,317(2) बीएनएस  थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर  ।
3. मु0अ0सं0 065/2025 धारा 317(5) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सूरजपुर  गौतमबुद्धनगर।
4. मु0अ0सं0 88/2025 धारा 317(5) बीएनएस 4/25 आर्म्स एक्ट थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर

- **अभियुक्त कृष्णा**

1. मु0अ0सं0 212/2022 धारा 379 भादवि थाना सेक्टर-58 गौतमबुद्धनगर।
2. मुअ0सं0 59/2025 धारा 303(2) ,317(2) बीएनएस  थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर  ।
3. मु0अ0सं0 065/2025 धारा 317(5) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सूरजपुर  गौतमबुद्धनगर।
4. मु0अ0सं0 88/2025 धारा 317(5) बीएनएस 4/25 आर्म्स एक्ट थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर